हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 09 जनवरी 2026
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]



## निधन

### तीजा बाई साहू

अभनपुर। पूर्व कृषि मंत्री चन्द्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू (92) का गृहग्राम मानिकचौरी मे सुबह 8



जनवरी को सुबह निधन हो गया। वे छबिराम साहू,चन्द्रशेखर साहू,चनद्रिका प्रसाद, चिन्ता राम साहू की माता थीं। उनके अंत्येष्टि कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू,अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज व अभनपुर,राजिम क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व प्रमुख कार्यकर्ता,गणमान्य नागरिक सम्मिलित होकर श्रद्धाजंलि दी।

### फगनी बाई सिन्हा

मुड़ागांव(कोरासी)। ग्राम खड़मा निवासी शिक्षक खूबचंद सिन्हा के माता फगनी बाई सिन्हा का निधन 4



जनवरी दिन रविवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार छुरा नगर में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में पुत्र भूवन सिन्हा, बेदलाल सिन्हा, बालचंद सिन्हा, गणेश, हुमेश्वर, कुशल, एनकुमार, गिरधारी, मोहन, कार्तिक, बिसनाथ, टीकाराम, राजेन्द्र, नीलकंठ, मुकेश, उमेन्द्र, हेमन्त, सोमराज, नीलकंठ, मिश्रकुमार, यशकुमार, निखिल, टीकम, एवं समस्त सिन्हा परिवार शामिल हुए।

### डोमार सिंह सिन्हा

कोपरा। कोपरा नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक डोमार सिंह सिन्हा (उम्र 94 वर्ष) का 8 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें



गणमान्य नगरिक शामिल हुए। वे डोमार सिंह सिन्हा नगर के प्रतिष्ठित नागरिक अवध राम सिन्हा के पिता तथा पार्षद शिवम सिन्हा (आंसू सिन्हा) के दादाजी थे। वे सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में लंबे समय तक सक्रिय रहे।

### तीजा बाई साहू

नवापारा-राजिम। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू की माता तीजा बाई साहू उम्र 92 वर्ष का निधन हो गया। उनका



अंतिम संस्कार गृहग्राम मानिकचौरी में किया गया। उनके चार पुत्र छबिराम साहू, चन्द्रशेखर साहू, चद्रिरकाप्रसाद, चिन्ता राम एवं दो पुत्री द्रौपदी साहू, तोषनी साहू है।

**जयंती : राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा पर विधायक एवं समिति के अध्यक्ष ने किया माल्यार्पण**

# राजिम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के तत्वावधान में राजिम भक्तिन माता जयंती के अवसर पर निकली शोभायात्रा विधायक रोहित साहू, विधायक संदीप साहू, संरक्षक डॉ. रामकुमार साहू, दीनानाथ साहू, संजय साहू ,जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेशराम साहू, नोहरदास साहू, गीता साहू, कवर्धा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वाति साहू, जिला पंचायत सभापति यशवंत साहू, राजू साहू ,लक्ष्मीकांत बाघ के सान्निध्य में हुई।

यह शोभायात्रा साहू छात्रावास परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात राजिम भक्तिन माता चौक से शुरू हुई, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने माता की प्रतिमा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। राजिम भक्तिन माता की प्रतिमा पर विधायक संदीप साहू एवं समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने माल्यार्पण किया। इस वर्ष विशेष आकर्षण के रूप में राजिम भक्तिन माता को भव्य रथ में विराजमान कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के आगे-आगे बाजे-गाजे, झांझ-मंजीरे की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू के नेतृत्व में समाज के हजारों लोग शोभायात्रा में सम्मिलित हुए। शोभायात्रा में समिति के वरिष्ठ जन आगे आगे चल रहे थे, वहीं पीछे सैकड़ों महिलाएँ कलश धारण कर चल रही थीं। रथ में राजिम भक्तिन माता की भव्य प्रतिमा के साथ दर्जनों बालिकाएँ माता का स्वरूप धारण कर विराजमान थीं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का मार्ग राजिम भक्तिन माता चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग, पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक होते हुए वीआईपी मार्ग से गुजरते हुए राजिम भक्तिन माता मंदिर परिसर पहुँचा। मार्ग में जगह-जगह आतिशबाजी, पताका फहराकर एवं पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में शामिल होकर राजिम भक्तिन माता एवं भगवान राजिम लोचन के दर्शन-पूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रद्धालुओं में उत्साह देखते ही बन रहा था, लोग भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते चल रहे थे। उल्लेखनीय है कि आजादी के पूर्व समिति के प्रथम अध्यक्ष रहे स्व. मोहनलाल साहू तोरला वाले द्वारा राजिम भक्तिन माता जयंती मनाने की परंपरा प्रारंभ की गई थी, जिसे उनके सुपुत्र, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ,पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने आगे बढ़ाया। तब से लेकर आज तक यह आयोजन निरंतर भव्य रूप लेता जा रहा है। इस अवसर पर समाज के पूर्वजों को भी नमन करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

शोभायात्रा का नेतृत्व राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू तथा नगर साहू संघ के अध्यक्ष रामकुमार साहू के मार्गदर्शन में किया गया। शोभायात्रा की भव्यता और अनुशासन देखकर नगरवासियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से भोले साहू, बलराम साहू, मेघु साहू, विष्णु साहू, राजू साहू, तरुण साहू, सुखदेव साहू, श्याम साहू, संजय साहू, हरियन साहू, गजानंद साहू, संतोष, वेदराम साहू, झाड़ू राम साहू, ईश्वर साहू, चोवाराम साहू, खोबहरा राम साहू, देवेंद्र साहू, साहूयशवंत साहू, डॉ. दिलीप साहू, डीगेश्वर साहू, कोमल साहू, किशन साहू, मितेश साहू, प्रतीक साहू, सुरेंद्र साहू, आलोक साहू, सुरेंद्र साहू, पार्षद कुलेश्वर साहू, भवानी शंकर साहू, उमा साहू, प्रेम भाई साहू, ब्रिज बाई साहू, मनीष साहू, बबली साहू, शांति साहू, कमली साहू, यशोदा साहू, राम बाई साहू सहित नगर साहू संघ एवं राजिम भक्तिन माता समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्यगण एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय सहभागिता रही। यह शोभायात्रा जयंती समारोह को विशेष भव्यता प्रदान करती हुई सामाजिक एकता, श्रद्धा और संगठन शक्ति का जीवंत उदाहरण बनी।

## पेज 11 के शेष

### तीर-कमान और...

जैसे घातक हथियारों के साथ जंगल में घूम रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में दो पड़ोसी राज्य ओडिशा के रहने वाले हैं, जबकि दो स्थानीय निवासी हैं। सोनाबेड़ा (ओडिशा) 02 आरोपी, ग्राम ओड़ छत्तीसगढ़ 02 आरोपी। वन विभाग ने इन चारों आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग प्रकरणों में पीओआर जारी किया है। सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद दिनांक 7 जनवरी को इन्हें न्यायालय में पेश किया गया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अवैध गतिविधियों और शिकार को रोकने के लिए विभाग ने गश्त बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि वन्यजीवों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई से शिकारियों के हौसले पस्त हुए हैं।

### सैनिक स्कूल विवाद...

द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए जनप्रतिनिधियों को गुमराह किया गया है। नेताओं ने कहा कि सैनिक स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थान को लेकर लिया गया यह फैसला जिले के विकास और हितों के साथ सीधा खिलवाड़ है। कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि स्थल आबंटन की प्रक्रिया को तत्काल निरस्त कर पारदर्शी ढंग से पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। इस घटनाक्रम के बाद जिले की राजनीति गरमा गई है और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

### कार की ठोकर...

के अनुसार, ग्राम रांवड़ निवासी किसान दिलीप साहू के दो पुत्र ओमकार साहू (15 वर्ष) और हिमांशु साहू (13 वर्ष) पिछले महीने एक सड़क दुर्घटना का शिकार हुए थे। एक अज्ञात कार चालक ने दोनों बच्चों को जबरदस्त ठोकर मारी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ओमप्रकाश साहू ने बताया कि हादसे के बाद दोनों भाइयों को तत्काल रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग एक महीने तक चले लंबे इलाज और मौत से जूझने के बाद, अंततः दोनों भाइयों ने दम तोड़ दिया।

### 34 पौवा शराब...

को सटीक मुखबिर सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अपनी स्कूटी पर अवैध शराब लेकर बिक्री हेतु जा रहा है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी की और संतु ढीढी (पिता स्व. घनेलु ढीढी, उम्र 54 वर्ष), निवासी ग्राम कुंडेल (थाना फिंगेश्वर) को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास मौजूद सफेद और काले रंग की पुरानी स्कूटी (क्रमांक CG 23 3953) की तलाशी ली, जिसमें अवैध शराब की खेप बरामद हुई। 17 नग प्लेन देशी मदिरा और 17 नग मसाला देशी मदिरा 6.120 लीटर। शराब की कीमत 3,060 और प्रयुक्त वाहन की कीमत 15,000 आंकी गई है। आरोपी संतु ढीढी का यह कृत्य आबकारी अधिनियम की धाराओं का उल्लंघन पाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई के पश्चात आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के विरुद्ध इस तरह की कड़ी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

### 10 लीटर महुआ...

जब्त की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब, नशीले पदार्थों की बिक्री एवं सेवन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में थाना गरियाबंद क्षेत्र में मुखबिर तंत्र एवं पेट्रोलिंग को सक्रिय किया गया था। दिनांक 07 जनवरी 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गरियाबंद पुलिस टीम ने ग्राम घुटकूनवापारा स्थित क्रिकेट मैदान के पास कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर एक युवक को पकड़ा। आरोपी की पहचान देवनाथ भुजिया, पिता जैतराम भुजिया, उम्र 29 वर्ष, निवासी घुटकूनवापारा, जिला गरियाबंद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के डिब्बे में भरी हुई 10 बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1000 रुपये है, बरामद की गई। पुलिस द्वारा शराब को जब्त कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत दंडनीय पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### ग्राम कसेकेरा में ...

के उपसरपंच दशमत बाई साहू सहित पंचगण दशमत बाई ध्रुव, कुसुमलता दीवान, नर्मदा बाई दीवान, ललिता बाई निषाद, जयराम ध्रुव, गजानंद पटेल, अमृत राम ध्रुव, उदय राम नेताम और पुनीत राम पटेल भी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराएंगे। आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों ने क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले का आनंद लेने और छत्तीसगढ़ी लोक कला का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।


**SHIVAM COLLEGE OF NURSING**
**Raipur Road, Kodobattar, Post-Malgaon, Gariyaband (C.G.)**

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur

**Application are invited for following posts under Statue-16**

| S. No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 1 | Professor cum Principal | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) having total 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable |
| 2 | Professor cum Vice-Principal | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 3 | Professor | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 4 | Associate Professor/ Reader | 02 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 5 | Assistant Professor/ Lecturer | 08 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 3 years teaching experience Ph. D. (N) desirable. |

**Other terms & conditions :-**
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria:-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
- Number of paper publications in various national/ international journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application:-** Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

**In-charge Registrar**




तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

12 मुख्यमंत्री साय ने बाल्य वैद्य यश साहू को किया ...


12 छुरा ब्लाक में धान खरीदी के एक माह बाद भी उठाव ...






कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला


## खबर संक्षेप

### ग्राम जमाही में श्रीमद्भागवत आज से

**छुईहा बेलर।** समीपस्थ ग्राम जमाही के बजरंग चौक स्थित कथा स्थल पर ज्ञान गंगा महिला समिति और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भक्ति और आध्यात्म का यह समागम 9 जनवरी से कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। श्रीमद्भागवत महापुराण का यह आयोजन 9 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम का समापन 17 जनवरी को विशाल यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ होगा। कथा का रसास्वादन कराने के लिए सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पं. श्री पुष्कर प्रसाद तिवारी (लोहरसिंग वाले) पधार रहे हैं। उनके मुखारविंद से भक्तगण प्रतिदिन भगवान की लीलाओं और भागवत महात्म्य का श्रवण करेंगे। ज्ञान गंगा महिला समिति की अध्यक्ष सागर बाई साहू, सचिव समारी बाई गंधर्व और कोषाध्यक्ष सोनबाई ध्रुव ने ग्राम प्रमुख जगदीश ध्रुव एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से क्षेत्र की जनता को आमंत्रित किया है। समिति ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पहुंचकर इस ज्ञान गंगा में आध्यात्मिक डुबकी लगाएं और अपने जीवन को कृतार्थ करें। आयोजन को लेकर बजरंग चौक में भव्य पंडाल और कथा मंच सजाया गया है। ग्राम जमाही के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों और श्रद्धालुओं के बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### पक्तियां में मड़ई मेला आज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** 9 जनवरी दिन शुक्रवार को ग्राम पक्तियां में भव्य मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस मड़ई मेला में सर्व प्रथम ग्राम के समस्त देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया जायेगा एवं रावत नाचा के साथ मढ़ाई निकाली जाएगी। वहीं रात्रि कालीन कार्यक्रम कका भतीजा नाच पार्टी ग्राम सरायपाली (कोमाखान)जिला महासमुंद का आयोजन होगा।

### ग्राम कसेकेरा में मड़ई मेला महोत्सव कल

**मुड़ागांव कोरासी।** गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कसेकेरा में आगामी 10 जनवरी को भव्य 'मड़ई मेला महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति और उत्साह का संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाने के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी 'महतारी के आंसू' (ग्राम-संसारगढ़, हरेखापयली) द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। नाचा गम्मत के माध्यम से कलाकार सामाजिक संदेशों के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम में राजनीति और समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व शामिल होंगे। मुख्य अतिथि राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह (फिंगेश्वर राज) अध्यक्षता उतरा अशोक पटेल (कृषि सभापति, जनपद पंचायत-छुरा) विशिष्ट अतिथि बलदाऊ राम नेताम (ग्राम पटेल, कसेकेरा), अनिता नेताम (भूतपूर्व सरपंच), राजेश्वरी दीवान (भूतपूर्व सरपंच) और देवशरण ध्रुव (ग्रामीण बैंगा)। इसके साथ ही ग्राम पंचायत कसेकेरा ▶▶ शेष पेज 10 पर

विडंबना : कई स्थानों पर आंगनबाड़ी में शौचालय और पानी तक की व्यवस्था नहीं

# जर्जर किचन शेड में गढ़ा जा रहा नौनिहालों का भविष्य, लाखों रुपए के आंबा भवन अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में सरकार के महत्वपूर्ण योजना आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण नहीं होने के कारण कई जगह हालत बद से बद्त्तर होती जा रही है और संबंधित विभाग के जिम्मेदार ब्लॉक और जिला स्तर के अफसर कागजों में सब कुछ ठीक ठाक बता रहे है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। कई जगह नवनिहाल जान जोखिम में डालकर झोपड़ियों, जर्जर मकानों में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करने मजबूर हो रहे हु तो कई स्थानों पर शौचालय और पानी तक की व्यवस्था नहीं है। आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में नौनिहालों के लिए किए जा रहे है विकास की दावे कितनी सच्चे है इसकी एक बानगी ग्राम पंचायत तुहामेटा में देखने को मिली जहां एकदम जर्जर हो चूके छोटे से किचन शेड के भीतर आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है यह किचन शेड इतना छोटा हे कि इसमें दस लोग भी बैठना मुश्किल है इसके बावजूद यहां किचन शेड छोटे से कमरा में एक तरफ बकायदा भोजन तैयार किया जाता है और दूसरे तरफ इसी छोटे से कमरा के भीतर एक दर्जन



नौनिहाल अपने सुनहरे भविष्य गढ़ते दिखाई देते है। तहसील मुख्यायल मैनपुर से महज 09 किमी दूर ग्राम भालुकोना ग्राम पंचायत तुहामेटा की आश्रित ग्राम है और आगंनबाड़ी का संचालन किचन शेड के भीतर किया जा रहा है वह किचन शेड की हालत बेहद जर्जर हो गया है। भारी दरारे दिवालो में आ गई और किचन शेड़ का ऊपर छत ही टूट गया है बावजूद इसके मजबुरन बच्चों को बिठाने मजबूर हो रहे है। बारिश, गर्मी, ठंड के दिनों में इस जर्जर किचन शेड के भीतर आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है। ऐसे एक नहीं दर्जनों मामले



आगनबाड़ी मैनपुर क्षेत्र में देखे जा सकते है जो किराए के मकान में संचालित हो रहा है या फिर जर्जर मकानों में इस ओर शासन प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

### जगह- जगह भवन निर्माण कार्य अधूरे

*मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भालुकोना, छोटेगोबरा, खसेरपारा, बनवापारा, कोतराडोंगरी, गोलामाल, सिहनापारा, कुहीमाल में लाखों रूपये स्वीकृत किया गया। विभाग के अफसर पर बताते है इन स्थानो पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 11 -11 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है लेकिन आज तक भवन निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों में पूरा नहीं हुआ जिसके कारण यहां बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने विवश हो रहे है और इस ओर संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं देना समझ से परे है।*

## हेरोइन बेचने की फिराक में घूम रहे दो तस्करों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

दुलना गांव के तिराहे में धमतरी-कुरूद के दो तस्कर को नवापारा पुलिस ने हेरोइन के साथ रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों आरोपी यहां नशीले पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश कर रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 45 हजार रुपये कीमत के हेरोइन आरोपियों से जब्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान खान उर्फ गोलू 34 वर्ष, निवासी धमतरी और पुरुषोत्तम साहू 29 वर्ष, निवासी कुरूद के रूप में हुई है। दोनों दुलना तिराहा के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान इमरान खान की जेब से एक प्लास्टिक पॉलिथीन में रखा हेरोइन जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। मौके पर बुलाए गए एफएसएल फॉरेंसिक साइंस लैब टीम ने प्राथमिक जांच में पदार्थ को हेरोइन होने की पुष्टि की। इसके बाद विधिवत तौल करने पर इसका कुल वजन 6 ग्राम 13 मिलीग्राम पाया गया। एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधानों का पालन करते हुए इस पर कार्रवाई कर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21(बी)



एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई नशे के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है। नेटवर्क खंगालने में जुटी नवापारा पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर नशे के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि नशे से जुड़े किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर समय रहते रोक लगाई जा सके।

## तीर-कमान और जाल के साथ 4 शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वन्यप्राणियों के शिकार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। वन परिक्षेत्र कुल्हाड़ीघाट (ओड़ सर्कल) के अंतर्गत वन्यप्राणियों का शिकार करने की फिराक में घूम रहे चार आरोपियों को वन विभाग की टीम ने रंगे हाथों धर दबोचा है। जानकारी के अनुसार, लंबे समय से विभाग को सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में कुछ लोग



वन्यप्राणियों के अवैध शिकार की कोशिश कर रहे हैं। इसी आधार पर की गई घेराबंदी के दौरान चार व्यक्तियों को पकड़ा गया। आरोपी खरगोश और अन्य छोटे जीवों को फंसाने के लिए जाल, फंदा और तीर-कमान ▶▶ शेष पेज 10 पर

## सैनिक स्कूल विवाद, जिले में फूटा कांग्रेस का गुस्सा, डीईओ का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिले में स्वीकृत सैनिक स्कूल को जिला मुख्यालय से बाहर ले जाने के निर्णय को लेकर राजनीतिक विवाद गहराता जा रहा है। इस फैसले के विरोध में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तिरंगा चौक पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) का पुतला दहन किया और नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए जिले के पांचों अनुविभागों से उपयुक्त भूमि की जानकारी मंगाई जानी थी, लेकिन इस प्रक्रिया को पूरी तरह दरकिनार कर



एकतरफा और संदिग्ध तरीके से स्थल चयन का निर्णय लिया गया। कांग्रेस ने इस पूरे मामले को पारदर्शिता के खिलाफ बताते हुए इसमें बड़ी साजिश की आशंका जताई है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने शिक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि डीईओ ▶▶ शेष पेज 10 पर

## कार की ठोकर से घायल दो सगे भाइयों की मौत, एक महीने तक चला इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

राजिम क्षेत्र के ग्राम रांवड़ से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सड़क हादसे में घायल दो सगे भाइयों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक ही घर के दो चिरागों के बुझ जाने से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी ▶▶ शेष पेज 10 पर





### नम आँखों से दी गई अंतिम विदाई

दोनों सगे भाइयों का पार्थिव शरीर जैसे ही गांव पहुँचा, पूरा गांव शोक की लहर में डूब गया। गांव के मुक्तिधाम में गमगीन माहौल के बीच दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। इस दुःखद घड़ी में बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी, ग्रामीण और परिजन शामिल हुए। हर किसी की आँखें नम थीं और क्षेत्र में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि अब तक अज्ञात कार चालक का पता नहीं चल पाया है। घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी फरार कार चालक का सुराग न मिलना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।

## 34 पौवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**छुईहा बेलर।** गरियाबंद जिले में अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस का 'धर-पकड़' अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए, थाना गरियाबंद की टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ▶▶ शेष पेज 10 पर



## 10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद।** जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान नया सवेरा के तहत गरियाबंद पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना गरियाबंद पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब की बिक्री करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब ▶▶ शेष पेज 10 पर



रजत जयंती वर्ष में जिला पुलिस का जनजागरूकता अभियान

# पुलिस ने सड़क व साइबर सुरक्षा पर दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 एवं सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर गरियाबंद पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत स्कूलों, महाविद्यालयों एवं हाट-बाजारों में आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा तथा पुलिस की कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पुलिस की भूमिका को स्पष्ट करना तथा पुलिस-जन समन्वय को और अधिक सुदृढ़



करना रहा। इस दौरान नागरिकों को पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों एवं विभिन्न कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस का प्रमुख दायित्व कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अपराध की रोकथाम एवं नियंत्रण करना, पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करना तथा समाज में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### आपात स्थिति में हेल्पलाइन तत्काल दे सूचना

आमजन को एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया, शिकायतों की प्राप्ति एवं निराकरण, साइबर अपराध से बचाव, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, आपातकालीन सेवाओं तथा पुलिस की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करती है और नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। आमजन से अपील की गई कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 112, नजदीकी थाना या पुलिस हेल्पलाइन से तत्काल संपर्क करें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।


सम्मान
बाल्य वैद्य यश साहू (बंटी)
को उनके जनसेवा के लिए मान. मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय जी
के द्वारा प्रशस्ति पत्र पद्रान किये जाने पर
बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं!
यश बचपन से ही अपने नाना जी मशहूर नाड़ी वैद्य श्री पुरूषोत्तम साहू जी के साथ रहकर उनकी जड़ी बूटी से नस और हड्डी से संबंधित उपचार की विद्या को सिखा ओर बहुत ही कम उम्र में जनसेवा शुरू कर दिया।


**खबर संक्षेप**

## दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू सम्मानित



**छुईहा बेलर।** चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम में 7 जनवरी को नवनिर्मित श्री राम जानकी मंदिर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूजा अर्चना कर धर्मध्वजा की स्थापना की और इसी मंच में दिव्यांग संघ जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू चैतरा का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू, महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण के करकमलों से सम्मान किया गया।

## केंद्रीय मंत्री तोखन का नवापारा में हुआ स्वागत



**नवापारा-राजिम।** नवापारा में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू का स्वागत सम्मान साहू समाज के तहसील अध्यक्ष तुलेश साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ प्रहलाद साहू, चंद्रहास साहू, विमल साहू, शशिप्रकाश, कमल, सुरेंद्र साहू, गोपी साहू, मनाराम साहू, वीरेंद्र साहू, प्रियतोष साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## ग्राम खंडवा में मड़ई और भूमिपूजन आज

**अभनपुर।** ग्राम खंडवा मे मंडई मेला उत्सव एवं विकास कार्यो की भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम 9 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू,जनपद अध्यक्ष्ज्ञ चन्द्रिका बंजारे,जिपं. चन्द्रकला ध्रुव,जनपद सभापति संतराम साहू एवं सरपंच श्रीमति सुशीला जगदीश भारती,उपसरपंच गजेन्द्र वर्मा शामिल होगे। इस मौके पर रात्रिकालिन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कला मंच रंग रंजन विरेन्द्र चतुर्वेदी की प्रस्तुति होगी।

**समस्या :** सिवनी में धान परिवहन शून्य, समितियों को भारी नुकसान की आशंका

# छुरा ब्लाक में धान खरीदी के एक माह बाद भी उठाव ठप, समितियों में लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल की धान खरीदी शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन छुरा ब्लॉक की कई सहकारी समितियों में परिवहन (डीओ) का कार्य शुरू न होने से हालात बदतर हो गए हैं। समितियों में धान का अंबार लग गया है, जिससे न केवल अनाज के सूखने और खराब होने का खतरा है, बल्कि खेल मैदानों में धान डंप होने से बच्चों की शिक्षा और खेलकूद भी प्रभावित हो रहे हैं। 17 नवंबर से शुरू हुई खरीदी के बाद अब तक उठाव न होने से सिवनी, लोहझर, रानीपरतेवा, रसेला और कनसिंघी समितियों में धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। परिवहन की कमी के कारण धान के वजन में कमी (सूखत) आने से समितियों को भारी नुकसान की आशंका है। रख-रखाव और सुरक्षा की समस्या खड़ी हो गई है। धान रखने की जगह न होने के कारण इसे खेल मैदानों और बाजार परिसरों में रखा जा रहा है।



### उच्च अधिकारियों को करा दिए हैं अवगत

परिवहन में हो रही देरी को लेकर जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक एस. सोम ने बताया कि स्थिति से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। सहायक पंजीयक और विपणन संघ (मार्केटिंग फेडरेशन) के अधिकारियों को लगातार पत्राचार किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द धान का उठाव शुरू कराया जा सके। यदि आगामी कुछ दिनों में धान का परिवहन तेज नहीं किया गया, तो समितियों के पास नया धान खरीदने की जगह नहीं बचेगी, जिससे खरीदी केंद्र बंद करने की नौबत आ सकती है।

### शिक्षा और सांस्कृतिक गतिविधियों पर असर

वर्तमान में स्कूलों में वार्षिक उत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी चल रही है। खेल मैदानों में धान भरे होने के कारण बच्चे अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की अव्यवस्था का खामियाजा अब बच्चों को भी भुगतना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सिवनी समिति का दौरा कर किसानों से मुलाकात की और कहा कि सरकार धान खरीदी को लेकर शुरू से गंभीर नहीं है। पहले टोकन और लिमिट की समस्या थी, अब परिवहन न कराकर किसानों और समितियों को मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस दौरान उनके साथ महामंत्री प्रहलाद यदु भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री साय ने बाल्य वैद्य यश साहू को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव कोरासी

गरियाबंद जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम पावन धाम में आयोजित 51 कुण्डली श्रीरामचरित मानस महायज्ञ के शुभारंभ समारोह में एक गौरवशाली दृश्य देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनसेवा और पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे खड़मा निवासी बाल्य वैद्य यश साहू (बंटी) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यश साहू, खड़मा के मशहूर नाड़ी वैद्य स्व. पुरुषोत्तम साहू के नाती हैं। उनके नाना क्षेत्र में नाड़ी देखकर और जड़ी-बूटियों के माध्यम से सटीक इलाज करने के लिए विख्यात थे। यश ने बचपन से ही अपने नाना के साथ रहकर इस दुर्लभ विद्या को सीखा। यश साहू ने बहुत ही कम उम्र में अपने नाना से प्राप्त नस और हड्डी रोग से संबंधित उपचार की विद्या को आत्मसात किया। आज वे हजारों मरीजों का सफल इलाज कर उन्हें राहत पहुँचा रहे हैं। उनकी इसी निस्वार्थ जनसेवा और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उनकी सराहना की। श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित इस महायज्ञ के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ऐसी प्रतिभाएं हमारी असली पूंजी हैं, जो प्राचीन चिकित्सा पद्धति को जीवित रखे हुए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नवापारा में अर्धनारीश्वर चिकित्सा शिविर आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा कल 10 जनवरी को सुबह 9 से 12 व शाम 3 से 5 बजे तक अर्धनारीश्वर चिकित्सा शिविर का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू होंगे। शुभारंभ अवसर पर फुलचंद कॉलेज के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए संस्थापक राजू काबरा समिति के अध्यक्ष धरम साहू व तारणी शर्मा ने बताया कि 10 और 11 जनवरी को न्यूरोथैरेपी अर्धनारीश्वर चिकित्सा केम्प में नसों से पीड़ित लोग चेक करा सकते है। यह आयोजन करगा निवासी डॉक्टर प्रमोद गंजीर के मार्गदर्शन में होने जा रहा है जिसमें, साइटिका, स्लिपडिस्क, घुटना दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द, कंधा दर्द आदि का इलाज किया जावेगा। यह चिकित्सा केम्प तर्री मार्ग पर राजू बजरंग लाल काबरा के निवास में रखा गया है। बता दें कि इस आयोजन में दिल्ली से राष्ट्रपति कार्यालय के पूर्व सलाहकार आचार्य डॉक्टर राम गोपाल दीक्षित एवं आरोग्य पीठ से उनकी टीम आ रही है। 11 जनवरी को शिविर के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजेन्द्र गदिया होंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से डॉक्टर रमाकांत शर्मा एवं पूज्य सिंध पंचायत के अध्यक्ष सुंदर पंजवानी दीप प्रज्ज्वलन करेंगे।



## राजिम भक्तिन माता जयंती पर बाइक रैली

**राजिम।** 7 जनवरी राजिम भक्तिन माता जयंती के पावन अवसर पर साहू समाज परिक्षेत्र पोखरा के नेतृत्व में सभी ग्रामीण इकाई साहू समाज के लोग बाइक रैली निकाले। यह रैली 11 गांव बकली, रांवड़, परसदा जोशी, पोखरा, हथखोज, नक्शा, बासीन, अरण्ड, धमनी, द्रुतकैया होते हुए राजिम माता मंदिर पहुंचा। रैली में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष अश्वनी साहू, उपाध्यक्ष ललित साहू, दिनेश साहू, उमेश साहू, ओमप्रकाश साहू, डॉ. चंद्रिका साहू, कामता साहू, रामजी साहू, अंजोर साहू, सहदेव साहू, भारत साहू, ललिता, भानमती साहू, हीराधर साहू, त्रिलोचन साहू, टिकमचंद साहू, द्वारका साहू, संजय साहू, मुकेश साहू, बोधन साहू, तुलसीराम साहू दीपक साहू शामिल थे।







# आज दशगात्र

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री भुखन लाल सिन्हा** का स्वर्गवास दि. 30/12/2025, मंगलवार को हो गया है। अत: आप सहपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजली अर्पित करेंगें।

**कार्यक्रम**
दशगात्र : 09/01/2026 दिन - शुक्रवार
स्थान : ग्राम- रक्सी (छुरा)
तालाब कार्यक्रम : 11.00 बजे...
मो.नं. : 9669581344, 9893696061, 7489384051



**स्व. श्री भुखन लाल सिन्हा**

परिवार का नाम मंदिर था, स्नेह की शक्ति थी।
परिश्रम जिसका कर्तव्य था, परमार्थ उसकी भक्ति थी।
ऐसी आपकी दिव्य आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें...

**:: विनीत ::**
जानकी देवी (पत्नि)
भागवत सिन्हा (पुत्र), काशनंद सिन्हा (पुत्र),
मिथलेश सिन्हा (पुत्र), मनोज केला (दामाद)

**:: शोकाकुल ::**
गोविन्द लाल, शिवलाल, शिवकुमार, कृषलाल, लकेश्वर,
परस, दुर्गेश, दिनेश, दीपक, चंद्रकांत, प्रखर, प्रांजल, अनुराग,
रमेश, टेकचंद, नंदकिशोर, योगेन्द्र, ईशू, कर्तव्य, पार्थ, निखिल,
अभिषेक, आकाश, सार्थक, धवल, कौटुभ एवं
समस्त सिन्हा परिवार रक्सी (छुरा)

नोट- जिस आत्मीयजनों को निमंत्रण नही मिला हो, कृपया इसे ही निमंत्रण स्वीकार करें।